**खबर संक्षेप**

### किराना दुकान में लूट और चाकू से हमला

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा गांव में बीते दिनों किराना दुकान पर लूट और चाकू से हमले की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार बताया जा रहा है। घटना 2 नवम्बर की रात करीब 10 बजे की है, जब चार बदमाश बुलेट पर सवार होकर जोरा गांव स्थित दुकानदार उमेश कुमार गौतम की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने सिगरेट और नमकीन का सामान लिया, और पैसे मांगने पर दुकानदार पर दबंगई दिखाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उमेश पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और दुकान में रखे 15 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों हैप्पी दुबे ब्यौहारी, उदय पांडे उर्फ चोंगा जबलपुर निवासी और एक नाबालिग को जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 5 हजार रुपए नगद और घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। मुख्य आरोपी आशीष साकेत वार्ड क्रमांक 9, ब्यौहारी की तलाश जारी है, जिसके पास घटना में इस्तेमाल की गई बुलेट बाइक भी बताई जा रही है। पुलिस ने कहा है कि फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।


### पारदर्शिता से क्यों डर रही सरपंच लॉबी?

# फर्जी बिलों पर अब लगेगी लगाम, जिला पंचायत सीईओ के आदेश से घबराए सरपंच

शहडोल।

जिला पंचायत शहडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश ने पंचायतों में फैले वित्तीय अनियमितताओं के खेल पर अब सीधा प्रहार किया है। 4 नवंबर 2025 को जारी आदेश क्रमांक जि.पं./सामा.अंके./2025/3206 के तहत अब ग्राम पंचायतों के भुगतान से पहले सख्त सत्यापन प्रक्रिया लागू कर दी गई है। यह आदेश सरपंच-सचिवों की मनमानी पर नकेल कसने वाला साबित हो रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिले के सभी पांच जनपदों जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढ़ार, सोहागपुर और गोहपारू के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि पंचायतों में मनरेगा, 15 वां वित्त, 5वां वित्त तथा अन्य योजनाओं के अंतर्गत किसी भी प्रकार का भुगतान अब बिना सत्यापन के नहीं किया जाएगा।





#### यह है सीईओ के आदेश

आदेश के अनुसार जनपद पंचायत के सीईओ ग्राम पंचायतों के देयकों का 5 प्रतिशत सत्यापन भुगतान पूर्व करेंगे। सहायक विकास विस्तार अधिकारी / पंचायत समन्वय अधिकारी (पीसीओ) अपने-अपने सेक्टर की सभी पंचायतों के देयकों का 100 प्रतिशत सत्यापन करेंगे। ग्राम सामाजिक एनिमेटर सामाजिक अंकेक्षण के दौरान भुगतान प्रपत्रों का सत्यापन व मिलान करेंगे। इसके साथ ही आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भुगतान पूर्व इन प्रक्रियाओं का पालन अनिवार्य है। यदि किसी पंचायत द्वारा इसका उल्लंघन किया जाता है, तो इसे वित्तीय अनियमितता माना जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### सरपंच संघ के विरोध पर उठे सवाल

सीईओ के इस आदेश के विरोध में जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह शिब्बू के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आदेश निरस्त करने की मांग की, लेकिन यह विरोध अब खुद सवालों के घेरे में है। लोगों का कहना है कि अगर पंचायतें पारदर्शी ढंग से काम कर रही हैं और भुगतान नियमों के अनुसार कर रही हैं, तो इस आदेश से उन्हें परेशानी क्यों हो रही है? आखिर एक साधारण सत्यापन प्रक्रिया से इतना डर क्यों?

#### वर्षों से चल रहा था बिल-सिंडिकेट

जिले भर में लंबे समय से यह शिकायतें सामने आती रही हैं कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा, 15 वें वित्त और पीएम आवास जैसी योजनाओं में फर्जी बिल, मिलावटी सामग्री और कागज़ी निर्माण कार्य कर लाखों रुपये का दुरुपयोग किया जा रहा था। उपयंत्रियों के मूल्यांकन से पहले ही भुगतान कर दिए जाते थे और कई बार



निर्माण स्थल पर काम अधूरा या अस्तित्वहीन पाया गया। जानकार बताते हैं कि पंचायतों में बिल-सिंडिकेट नामक एक अनौपचारिक व्यवस्था चलती थी, जहां वेण्डर, सचिव और कुछ सरपंच मिलकर योजनाओं का बजट बांट लेते थे। ऐसे में जिला पंचायत सीईओ का यह नया आदेश उसी अव्यवस्था पर तगड़ा प्रहार है।

#### पारदर्शिता से डर कैसा?

जिला पंचायत शहडोल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आदेश का उद्देश्य किसी प्रतिनिधि की शक्ति कम करना नहीं, बल्कि योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। जो ईमानदारी से काम कर रहे हैं, उन्हें इस आदेश से कोई डर नहीं होना चाहिए। डर केवल उन्हें है, जिन्होंने अब तक नियमों की आड़ में धांधलियां की हैं।

#### सरपंच संघ की दलीलें कमजोर

सरपंच संघ का कहना है कि यह आदेश पंचायत राज अधिनियम के विपरीत है और सरपंचों के अधिकारों का हनन करता है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह आदेश न तो पंचायत राज की भावना के विपरीत है और न ही प्रतिनिधियों के अधिकारों को समाप्त करता है, बल्कि यह नियंत्रण और जवाबदेही की प्रणाली को मजबूत करता है। पूर्व पंचायत अधिकारी ने बताया पंचायतें लोकतंत्र की नींव हैं, लेकिन नींव तभी मजबूत होगी जब उस पर ईमानदारी की ईंटें लगें। सत्यापन से पारदर्शिता बढ़ेगी, जिससे जनता का विश्वास पंचायतों पर वापस आएगा।

#### जनता ने जताई राहत

ग्रामवासियों का कहना है कि यह कदम समय की जरूरत था। एक ग्रामीण ने कहा पहले हमारे गांव में सडक़ का बिल पास हो जाता था, लेकिन सडक़ दिखती नहीं थी। अब अगर अधिकारी खुद जांच करेंगे तो कम से कम जनता का पैसा सुरक्षित रहेगा। सीईओ के आदेश के बाद अब किसी भी पंचायत में सचिव या सरपंच मनमाना बिल लगाकर भुगतान नहीं कर पाएंगे। हर भुगतान से पहले तीन स्तर की जांच और फील्ड सत्यापन आवश्यक होगा। यह प्रक्रिया न केवल पारदर्शिता लाएगी, बल्कि अनावश्यक विवादों, ऑडिट आपत्तियों और भ्रष्टाचार के मामलों को भी रोकेगी।

#### आदेश की अनदेखी पर कार्रवाई तय

जिला पंचायत प्रशासन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई पंचायत इस आदेश की अनदेखी करती है, तो संबंधित सरपंच, सचिव और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ का यह आदेश पंचायत व्यवस्था में जवाबदेही की नई शुरुआत साबित हो रहा है। सरपंच संघ का विरोध अब उस व्यवस्था की बेचैनी उजागर कर रहा है, जो वर्षों से बिना रोक-टोक के चल रही थी। यह फैसला न केवल पारदर्शी शासन की दिशा में कदम है, बल्कि यह भी संदेश देता है कि अब पंचायतों में फर्जी बिल और फर्जी विकास की दुकान नहीं चलेगी।

# नशे के खिलाफ शहडोल पुलिस का मास्टर स्ट्रोक



### हिस्ट्रीशीटर चिंटू सेन समेत तीन गिरफ्तार, महिला फरार

**शहडोल। कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले में सक्रिय हाईटेक स्मैक तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कुख्यात हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र सेन उर्फ चिंटू सेन समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह से जुड़ी एक महिला आरोपी फरार बताई जा रही है।**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाहाबाद से बस में स्मैक की खेप लेकर चिंटू सेन शहडोल आने वाला है। सूचना पर थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने बस स्टैंड पर घेराबंदी की और जैसे ही आरोपी बस से उतरा, उसे दबोच लिया गया। आरोपी के पास से साढ़े 11 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह लंबे समय से शहडोल में स्मैक की सप्लाई कर रहा था और यह नशा पुरानी बस्ती के रहीम खान और पुन्नू गर्ग उर्फ मुन्नू तक पहुंचाता था, जो आगे छोटे सौदागरों को सप्लाई करते थे।

कोतवाली पुलिस ने इन दोनों सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक महिला आरोपी की तलाश में दबिश जारी है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह इलाहाबाद और प्रयागराज से स्मैक मंगाकर शहडोल व आसपास के इलाकों में सप्लाई करता था।

थाना कोतवाली की इस कार्रवाई से जिले के नशा कारोबारियों में हडक़ंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि शहडोल को नशे के जाल से मुक्त करने की दिशा में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जो नशा करेगा या कराएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की यह कार्रवाई न केवल जिले में नशे के नेटवर्क पर सीधा प्रहार है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि अब शहडोल में नशे का कारोबार किसी भी कीमत पर नहीं पनपेगा।

### नवा टोला चंदौरा में दर्दनाक घटना

# बीमारी से तंग आकर 19 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

शहडोल।



जिले के सीधी थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां बीमारी से परेशान एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना ग्राम नवा टोला चंदौरा की बताई जा रही है। मृतक की पहचान रूपलाल सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, रूपलाल पिछले कई महीनों से किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। लगातार इलाज के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा था। इस कारण वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। बताया गया कि रविवार सुबह उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। परिजनों ने जब दरवाजा नहीं खुला देखा, तो झांककर देखा कि अंदर रूपलाल का शव फंदे पर लटका हुआ था।

घटना की जानकारी मिलते ही सीधी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण बीमारी से उत्पन्न तनाव बताया जा रहा है।

पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि युवक किन परिस्थितियों में इतना परेशान हुआ कि उसने यह चरम कदम उठाया। इस दर्दनाक घटना से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह घटना एक बार फिर समाज के सामने यह गंभीर सवाल खड़ा करती है कि बीमारी और मानसिक तनाव से जूझ रहे लोगों को समय रहते भावनात्मक सहयोग और उचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना कितना आवश्यक है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

#### इनका कहना है...

19 वर्षीय युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, हत्या का कारण अभी अज्ञात है, परिजनों के अनुसार वह बीमार रहता था, बीमारी को लेकर परेशान था, शव का पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

**शिवेंद्र भगत**
थाना प्रभारी, सीधी

### अतिथि अध्यापकों का वेतन चार माह से अधर में, रोष व्याप्त

**शहडोल।** जिले के शासकीय मॉडल स्कूल (उ.मा.वि.) जयसिंहनगर और कौआसरई में कार्यरत अतिथि अध्यापकों का मानदेय पिछले चार माह से अब तक भुगतान नहीं किया गया है। कलेक्टर रेट पर अध्यापन कार्य कर रहे इन शिक्षकों का वेतन अटके रहने से उनमें गहरा आक्रोश है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि वे लगातार विद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें महीनों से मानदेय नहीं मिल रहा। इससे उनका आर्थिक संकट बढ़ गया है। न्यूनतम मानदेय पर कार्य करने के बावजूद समय पर भुगतान न होना न केवल शिक्षकों के मनोबल को गिरा रहा है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी प्रभाव डाल सकता है। इस संबंध में विद्यालय प्राचार्य एवं विभागीय अधिकारियों से स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया है। हालांकि, डीईओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अतिथि शिक्षकों का चार माह से लंबित वेतन शीघ्र ही जारी किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। प्राचार्य का कहना है कि पिछले माह का उपस्थिति विवरण कार्यालय को भेज दिया गया है, जल्द भुगतान होने की उम्मीद है। फिलहाल भुगतान में हो रही इस देरी को लेकर शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है।

# बांधवगढ़ में बाघ आकलन 2026 की तैयारी शुरू, विशेष कैमरा ट्रैप दल को मिला प्रशिक्षण



**उमरिया।** आगामी अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 की तैयारियों को गति देने के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में एक विशेष कैमरा ट्रैप दल का गठन किया गया है। इसके तहत 9 नवम्बर 2025 को ताला स्थित इको सेंटर में रिज़र्व के नौ वन परिक्षेत्रों से चयनित 27 फील्ड स्टाफ (प्रत्येक परिक्षेत्र से तीन सदस्य) को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड कर्मियों को निर्धारित वैज्ञानिक प्रोटोकॉल के अनुसार कैमरा ट्रैप लगाने की प्रक्रिया, दिशा निर्धारण और डाटा संग्रह की सटीक विधियों से अवगत कराना था। इस विशेष प्रशिक्षण का संचालन उपसंचालक प्रकाश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि प्रशिक्षित दल आगामी बाघ आकलन के दौरान बांधवगढ़ सहित शहडोल वनवृत्त के विभिन्न परिक्षेत्रों में कैमरा ट्रैप स्थापित करेगा। इन कैमरों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बाघों, तेंदुओं और अन्य वन्यजीवों की उपस्थिति, गतिविधि क्षेत्र और संख्या का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बांधवगढ़ लैंडस्केप को देश के अग्रणी संरक्षण क्षेत्रों में शामिल करना और मध्य प्रदेश को पुनः टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देना है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर महावीर पांडे (वन परिक्षेत्र अधिकारी कल्लावाह), कमलेश नंदा, मोहित खटीक, उमंग उपाध्याय और धीरेन्द्र शुक्ला ने प्रतिभागियों को कैमरा ट्रैप इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस की बारीकियां समझाईं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल बांधवगढ़ में बाघ संरक्षण और वन्यजीव निगरानी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भविष्य के आकलन अधिक सटीक और वैज्ञानिक बन सकेंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**शहडोल।** जिला मुख्यालय के बुढ़ार रोड स्थित डी सदन मैरिज गार्डन परिसर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। चित्रकूट की पावन भूमि से पधारे प्रातःस्मरणीय परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्रों का रसास्वादन करा रहे हैं। कथा का संकल्प चंद्रशेखर वर्मा द्वारा लिया गया है। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन भक्तजन भजन, कीर्तन और कथा के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण में डूब जाते हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित की जा रही है। आज के दिवस की कथा में पूज्य गुरुदेव ने गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि संसार में रहकर मनुष्य को मोह-माया से मुक्त होकर भगवान की शरणागति में रहना चाहिए। इसके साथ ही समुद्र मंथन की कथा के माध्यम से उन्होंने समझाया कि जैसे देवताओं ने विष को बाहर निकालकर अमृत प्राप्त किया, वैसे ही मनुष्य को अपने मन के विकारों को त्यागकर निर्मलता प्राप्त करनी चाहिए।



कथा में वामन अवतार और भगवान श्रीराम व उनके भाइयों के प्राकट्य उत्सव का भी सुंदर वर्णन किया गया। गुरुदेव ने कहा कि भगवान का हर अवतार हमें विनम्रता, सेवा और धर्मपालन का संदेश देता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर नजर आए। परिसर में भजन संकीर्तन और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन भव्य रूप से संपन्न



#### पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु पारित हुए कई प्रस्ताव

**शहडोल।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन, मध्य प्रदेश का प्रांतीय सम्मेलन एवं महासमिति की बैठक आज रविवार, 9 नवंबर 2025 को जबलपुर के तिलवारा रोड स्थित होटल रॉयल-इन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे के नेतृत्व में और प्रांतीय महासचिव के.एस. ठाकुर के संयोजन में किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर फेडरेशन, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश प्रभारी श्री सालिक मौलिकर रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में डी.बी. नायर ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट दुबे जी ने की। दो सत्रों में आयोजित इस सम्मेलन के प्रथम सत्र (प्रातः 11 से 1 बजे) में मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ संयुक्त पेंशनर फेडरेशन की बैठक हुई, जिसमें दोनों राज्यों के पेंशनरों की सामूहिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

द्वितीय सत्र (दोपहर 2 बजे से) में प्रांतीय महासभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पेंशनरों की लंबित माँगों, पेंशन विसंगतियों, चिकित्सा सुविधा विस्तार, पुरानी पेंशन बहाली एवं बढ़ती महंगाई को देखते हुए पेंशन पुनरीक्षण जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि सरकार द्वारा लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है तो संगठन आगामी महीनों में चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सागर, शहडोल, रीवा, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभागों से आए पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रमुख उपस्थित पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष राजेश जोशी, पं. रामचंद्र दुबे, दीपक धनोडक़र, कैलाश सेन, राधेश्याम पाटीदार, जी.आर. गौर, ओ.पी. मुकाती, आर.बी. सगर, विजय जैन, भेरूसिंह सोलंकी, प्रतापसिंह सिसोदिया सहित कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि पेंशनरों की समस्याओं को लेकर हमारा संघर्ष केवल अधिकारों की लड़ाई नहीं, बल्कि समाज के उन स्तंभों के सम्मान की रक्षा का आंदोलन है जिन्होंने अपने जीवन का स्वर्णिम समय देश सेवा में लगाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय महामंत्री के.एस. ठाकुर, किशोरी सिंह यादव, शिवकुमार तिवारी, इंद्र कुमार शर्मा, डॉ. सुरेंद्र नामदेव, राजेंद्र सेन, बी.एम. साहू, महेंद्र सिंह, विनय तिवारी, रामचंद्र सेन, जी.पी. विश्वकर्मा, भाव सिंह साहू, एच.एल. नाथ, के.के. गुप्ता, गंगाराम गुप्ता, प्रकाश दुबे आदि का विशेष योगदान रहा। प्रांतीय मीडिया प्रभारी आर.बी. सगर ने बताया कि सम्मेलन पूर्णतः सफल रहा और संगठन की एकजुटता तथा पेंशनरों के अधिकारों की रक्षा के प्रति संकल्प को एक नई ऊर्जा मिली है।

# मैराथन दौड़ के साथ न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

### गांधी स्टेडियम से न्याय के लिए दौड़ को मिली हरी झंडी, हर कदम कानूनी जागरूकता की ओर

शहडोल।





मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर शहडोल जिले में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ शनिवार को मैराथन दौड़ के साथ हुआ। गांधी स्टेडियम शहडोल में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री काशीनाथ सिंह तथा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन दौड़ की थीम रही , न्याय के लिए दौड़, प्रत्येक कदम कानूनी जागरूकता की ओर। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने बढ़-चढक़र भागीदारी की। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह सिंगार, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सीताशरण यादव, व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती प्रीति सिंह बघेल, व्यवहार न्यायाधीश सुश्री स्वेता यादव, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव अनिल तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, अधिवक्ता राजेन्द्र त्रिपाठी, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसलर कुंजबिहारी दुबे, तथा रोटरी क्लब विराट के अध्यक्ष सी.एम. मोहनी, नरेश सिंघल सहित रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

मैराथन दौड़ गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर गांधी चौराहा, बुढ़ार रोड, गुरुनानक चौक होते हुए पुनः गांधी स्टेडियम में समाप्त हुई। दौड़ में न्याय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल, पैरालीगल वॉलेंटियर्स, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, विद्यार्थियों और नगर के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधान जिला न्यायाधीश काशीनाथ सिंह ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत 14 नवम्बर तक जिलेभर में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें जेल निरीक्षण एवं कानूनी सहायता शिविर, महाविद्यालयों व विद्यालयों में निबंध, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं, तथा ग्रामीण और श्रमिक वर्गों को विधिक जानकारी देने के विशेष शिविर शामिल रहेंगे।

सप्ताह के दौरान बाल देखरेख संस्थानों, संप्रेक्षण गृहों और शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों को शिक्षा का अधिकार, पाक्सो एक्ट, यातायात नियमों तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग संबंधी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का समापन 14 नवम्बर को बाइक रैली और जागरूकता कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। यह आयोजन समाज में कानूनी जागरूकता बढ़ाने और न्याय सबके लिए है, संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के तहत किसान मेला सह संगोष्ठी ग्राम पठारी में 11 नवंबर को

**उमरिया।** वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र ने बताया कि जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के तहत किसान मेला सह संगोष्ठी ग्राम पठारी में 11 नवंबर को दोपहर 12 बजे से सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित की गई है ।संगोष्ठी में किसान मेले का आयोजन प्रो0 पी के मिश्रा , कुलपति जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय के मुख्या आतिथ्य एवं विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह की अध्यक्षता में किया गया है ।

### 10 फरवरी को फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि भारत सरकार व्दारा फाइलेरिया कार्यक्रम 10 फरवरी से आयोजित किया जाना है । व्ही बी डी सी पी राष्ट्रीकय स्वास्थ्य मिशन भोपाल व्दारा गौरव मिश्रा जिला समन्वयक पीसीटी को उमरिया जिले मे फाइलेरिया से संबंधी जागरूकता एवं विभागीय समन्वय को तेजी प्रदान करने हेतु पदस्थ किया है ।

### कोतमा तहसील न्यायालय अंतर्गत विधिक सेवा सप्ताह का किया जाएगा आयोजन

**कोतमा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधि सेवा दिवस के उपलक्ष में 9 से 14 नवंबर तक कोतमा तहसील न्यायालय अंतर्गत विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। कोतमा न्यायालय में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल के निर्देशन में रविवार को कोतमा न्यायालय परिसर से मैराथन दौड़ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मैराथन दौड़ न्यायालय परिसर से होते हुए भालूमाड़ा रोड विकास नगर एवं नगर की विभिन्न गलियों मे पहुंची। आयोजन में न्यायालीन अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, खेलप्रेमी, अधिवक्ता, समाजसेवी, मीडिया सहित अन्य लोग शामिल हुए। तहसील न्यायलय में एक सप्ताह तक चलने वाले जागरूकता शिविर के दौरान स्कूलों, कॉलेजो, थानो एवं पंचायतों में विभिन विधिक जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आगामी दिनों में स्वास्थ्य जागरूकता, यातायात नियम, साइबर सुरक्षा एवं पास्को एक्ट पर स्कूली छात्र छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। अंतिम दिन 14 नवंबर को बाइक रैली भी निकाली जाएगी। अपर सत्र न्यायाधीश गंगाचरण दुबे ने न्यायोत्सव सेवा सप्ताह के दौरान जागरूकता शिविर में समस्त नागरिकों से शामिल होने की अपील की है।

### कॉलोनी में दिखा भालू, दहशत का माहौल

**कोतमा।** शुक्रवार की शाम कुछ लोग गोविंदा नर्सरी में जुआ खेल रहे थे तभी अचानक शाम 4:05 बजे के लगभग भालू आ धमका, जिससे दहशत व्याप्त है। आनन फानन में जुआरी अपनी जान बचाकर इधर-उधर भाग गए। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह 9:00 बजे के लगभग गोविंद कॉलोनी के दुर्गा मंदिर के पास भी लोगों को भालू दिखाई दिया था जिसके कारण आप लोग दिन में भी कॉलोनी में निकलने में डरने लगे हैं। लेकिन वन विभाग के द्वारा भालू को पकड़ने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है क्या वन विभाग को कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने का इंतजार है। बता दे की इसके पूर्व भी नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 स्थित गोविंदा कॉलोनी में 22 अक्टूबर की सुबह दो भालुओ की दस्तक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। भालू के दिखाई देने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबक गए। वन परिक्षेत्र कोतमा के कल्याणपुर बीट अंतर्गत गोबिंदा कालोनी मे एक भालू को सुबह न्यू बी टाइप कॉलोनी और एक भालू को पुरानी डबल स्टोरी कॉलोनी में घूमते हुए देखा गया था। बताया जा रहा है कि भालू शिकार या भोजन की तलाश में रिहायशी क्षेत्र में पहुंच गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह कुछ देर बाद गोविंदा नर्सरी के आसपास भी घूमता नजर आया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत भालू के कालोनी मे होने की जानकारी वन विभाग को दी थी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची भी थी और भालू की खोज व पकड़ने की कार्यवाही शुरू कर दी थी। उसके बाद मामला ठंडे बस्ते मे चला गया। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि भालू लगभग महीने भर से नर्सरी में डेरा डाले हुए हैं लेकिन वन विभाग का अमला कोई खोज खबर नहीं ले रहा है जिसके कारण कॉलोनी मे निवास करने वालो में दहशत का माहौल बना हुआ है।

---

#### हाईकोर्ट के आदेश की भी उड़ाई धज्जियां

# सरकारी ज़मीन पर दबंग का कब्ज़ा


**जयसिंहनगर नगर परिषद ने दी सख्त चेतावनी**

शहडोल।

जिले की नगर परिषद जयसिंहनगर की चेतावनियों और न्यायालय के निर्देशों के बावजूद सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले दबंग कारोबारी के खिलाफ अब प्रशासन सख्त हो गया है। दो बार चेतावनी पत्र जारी करने के बावजूद अवैध निर्माण नहीं हटाने पर परिषद ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अब ज़मीन खाली कराने की कार्रवाई बलपूर्वक की जाएगी और खर्च की वसूली अतिक्रमणकारी से की जाएगी। मामला जयसिंहनगर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 स्थित जनकपुर रोड का है, जहां कुन्ज बिहारी गुप्ता पिता स्वामीदीन गुप्ता द्वारा पी.डब्ल्यू.डी. गैंग हट की भूमि पर पक्की संरचना और शेड बनाकर कब्जा किया गया है। यह भूमि कलेक्टर शहडोल के आदेशानुसार नगर परिषद जयसिंहनगर को आवंटित की गई थी, जो स्थानीय ठेला व्यवसायियों के लिए शेड निर्माण हेतु आरक्षित है।

### कोर्ट के आदेश की अवहेलना


परंतु नगर परिषद द्वारा जारी दूसरे पत्र क्रमांक 1206/न.परि./राजस्व/2025-26, 31 अक्टूबर 2025 के अनुसार याचिका में उच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट निर्देश दिया था कि याचिकाकर्ता सुनवाई की अगली तारीख तक अपने आवासीय मकान पर कोई नया निर्माण न करे। इसके बावजूद अतिक्रमणकारी द्वारा आदेश की खुली अवहेलना करते हुए अवैध निर्माण जारी रखा गया। नगर परिषद के अनुसार, संबंधित व्यक्ति ने लगभग


कार्यालय नगर परिषद जयसिंहनगर जिला-शहडोल म.प्र.
1097/.../2025-26
जयसिंहनगर दिनांक 06/10/25
सूचना
प्रति,
श्री कुन्जबिहारी गुप्ता
पिता-श्री स्वामीदीन गुप्ता
नि.वा.क्र.01 जयसिंहनगर
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा जनकपुर रोड मे स्थित पी.डब्लू.डी. गैंग हट की भूमि जो कलेक्टर महोदय जिला शहडोल के आदेशानुसार नगर परिषद जयसिंहनगर को आवंटित की गई है मे आपके द्वारा पक्की संरचना/शेड का निर्माण किया जाकर आवंटित भूमि को अतिक्रमित किया जा रहा है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 एवं 223 का स्पष्ट उल्लंघन है।
अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप सूचना प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर उक्त शासकीय भूमि पर किया गया अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा की स्थिति मे बिना किसी सूचना के निकाय द्वारा बल पूर्वक आपके द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी जिसमे होने व्यय का वहन आपसे वसूल किया जावेगा ...

30&80 फीट (2400 वर्गफीट) में प्रथम तल का अवैध निर्माण कर लिया है, जबकि पी.डब्ल्यू.डी. गैंग हट की सरकारी भूमि पर करीब 20&40 फीट (800 वर्गफीट) क्षेत्र में गेट और शेड बनाकर कब्ज़ा कर लिया गया है।

### दो बार जारी हुए नोटिस

नगर परिषद ने पहली बार 06 अक्टूबर 2025 को पत्र क्रमांक 1097/न.परि./अं.सू./2025-26 के माध्यम से चेतावनी जारी की थी। पत्र में स्पष्ट लिखा गया था कि संबंधित व्यक्ति ने नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 एवं 223 का उल्लंघन


कार्यालय नगर परिषद जयसिंहनगर जिला-शहडोल म.प्र.
email -cmojaysingnagar@mpurban.gov.in (shahdolnpjurb@gmail.com)
क्र.- 1206/नपरि./राजस्व/2025-26 जयसिंहनगर दिनांक 31/10/25
प्रति,
श्री कुन्ज बिहारी गुप्ता
पिता श्री स्वामीदीन गुप्ता
निवासी वार्ड क्र. 01 जयसिंहनगर
जिला शहडोल म.प्र.
विषय:- आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब दिनांक 09.10.2025 के संबंध मे।
—00—
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि लेख है कि आपके द्वारा वार्ड क्रमांक 01 मे जनकपुर रोड मे स्थित पी.डब्ल्यू.डी. गैंग हट की भूमि जो कलेक्टर महोदय जिला शहडोल के आदेशानुसार नगर परिषद जयसिंहनगर को आवंटित की गई है मे आपके द्वारा पक्की संरचना/शेड का निर्माण किया जाकर आवंटित भूमि को अतिक्रमित किया जा रहा है उक्त शासकीय भूमि पर किया गया अतिक्रमण हटाये जाने हेतु सन्दर्भित पत्र प्रेषित किया था। आपके द्वारा जवाब प्रस्तुत कर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मे याचिका क्रमांक WP/30439/2024 द्वारा यथा स्थिति बनाये रखने हेतु आदेश पारित किया जाना लेख किया गया है। दिनांक 05.07.2024 को यह कि माननीय न्यायालय कलेक्टर जिला शहडोल म.प्र. के राजस्व प्रकरण क्रमांक 35/अ-20(1)/2016-17 आदेश दिनांक 13.04.2018 द्वारा ग्राम जयसिंहनगर तहसील जयसिंहनगर की शासकीय भूमि आराजी खसरा क्रमांक 646/1 अंश रकवा 0.430 हे. भूमि ठेला व्यवसायियों विक्रेताओं के लिये शेड निर्माण हेतु नगर परिषद जयसिंहनगर के पक्ष मे आरक्षित/आवंटित मे अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा किये गये अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही तहसीलदार तहसील जयसिंहनगर द्वारा मौके पर राजस्व निरीक्षण एवं हल्का पटवारी से नाप कराया जाकर, राजस्व अमला, नगर परिषद जयसिंहनगर थाना प्रभारी थाना जयसिंहनगर की उपस्थिति मे आपके द्वारा सटर लगाकर निर्मित किये गये दुकान को तोड़कर किये गये अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही की गई थी तत् समय आपके द्वारा बिना ...

करते हुए शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण किया है। परिषद ने 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, अन्यथा बलपूर्वक कार्रवाई और खर्च की वसूली की चेतावनी दी थी, लेकिन चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उल्टे अतिक्रमणकारी ने जवाब में यह तर्क दिया कि उसने माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की है, जिसमें यथास्थिति बनाए रखने का आदेश प्राप्त हुआ है।

### परिषद की सख्त कार्रवाई की तैयारी

नगर परिषद ने साफ कहा है कि यह कृत्य न केवल नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों का उल्लंघन है बल्कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना भी है। इस कारण अब बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, परिषद द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयसिंहनगर ने कहा है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्ज़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अदालत के आदेश का पालन हर नागरिक का कर्तव्य है। दो बार नोटिस देने के बाद भी यदि व्यक्ति नहीं मानता, तो प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

### पहले भी हटाया जा चुका था अतिक्रमण

प्रशासनिक रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2018 में भी इसी भूखंड से अतिक्रमण हटाया गया था। तहसीलदार जयसिंहनगर, नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए अवैध दुकानों को तोड़ा था। इसके बाद भी दुबारा निर्माण किया जाना प्रशासनिक आदेशों की खुली अवहेलना मानी जा रही है। नगर परिषद जयसिंहनगर ने अपने ताज़ा पत्र में यह स्पष्ट कहा है कि अब कोई भी अवैध निर्माण या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिषद ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे शासकीय भूमि पर किसी प्रकार की निजी संरचना न करें, अन्यथा कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे प्रकरण से यह साफ है कि नगर परिषद जयसिंहनगर प्रशासनिक दृढ़ता दिखाते हुए अतिक्रमण पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह तैयार है। परिषद के इस कदम से अब अन्य अवैध कब्ज़ाधारियों को भी कड़ा संदेश मिला है कि सरकारी भूमि पर कब्ज़ा कर कानून से ऊपर कोई नहीं हो सकता।

---



## गणना पत्रक कार्य का उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

उमरिया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और दो प्रतियों में तैयार गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और एप पर उपलब्ध लिंक पर मतदाता विवरण अद्यतन कर रहे हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया ने ग्राम छोटी पाली एवं लोढ़ा में बीएलओ व्दारा घर -घर वितरित किए जा रहे गणना पत्रक कार्य अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने गणना पत्रक वितरित भी किया । उन्होने बताया कि बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और इपिक नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचे तथा



पुष्टि करें।जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, उनका नाम मतदाता सूची में जोडऩे के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि परिवार के किसी सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप (ड्राप्ट) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

---

## चंदिया के समस्त बूथ लेबल अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न





उमरिया।

**जिला पंचायत सभागार में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र तहसील चंदिया के समस्त बूथ लेबल अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ । मास्टर ट्रेनर सुषील मिश्रा ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेरद 326 के अनुसार मतदाता की पात्रता भारतीय नागरिक होना, आयु कम से कम 18 वर्ष होना, संबधित निर्वाचन क्षेत्र मे सामान्यर रूप से निवास करना, किसी कानून के अंतर्गत आयोग्यं न होना है ।**

उन्होंने बताया कि 1951 से 2004 तक आठ बार एसआईआर किया जा चुका है। पिछला एसआईआर लगभग 21 वर्ष पहले , साल 2001-2004 में किया गया था। एसआईआर में प्रमुख अधिकारियों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), जिला मजिस्ट्रेट, ईआरओ के निर्णय के विरूध्द की गई प्रथम अपील को सुनते है। राज्य,केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कलेक्टर के निर्णय के विरूध्द की अपील सुनते है। प्रत्येक बीएलओ मौजूदा मतदाता को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा बीएलओ मिलान, लिंकिंग के लिए पिछले एसआईआर के अखिल भारतीय डेटाबेस की सहायता लेंगे।गणना चरण के दौरान ईएफ के साथ किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नही है।ईआरओ,एईआरओ यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र नागरिग छूटे नही तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित नही हो। जिला मजिस्ट्रेट ईआरओ के निर्णय के विरूध्द की गई प्रथम अपील सुनेंगे । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के विरूध्द व्दितीय अपील को सुनेगे ।

उन्होने बताया कि बीएलए मतदाताओ से भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र कर सकते है,प्रतिदिन अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रमाणित कर सकते है और उन्हे बीएलओ को सौपेगे। मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता की सीमा पर निर्धारित किया गया है। दस्तावेजो के सांकेतिक सूची में किसी केन्द्रीय,राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम व्दारा नियमित कर्मचारी,पेंशनर को जारी पहचान पत्र,पेंशन भुगतान आदेश,सक्षम प्राधिकारी व्दारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट,विश्व विद्यालय व्दारा जारी मैट्रिक , शैक्षणिक प्रमाण पत्र,वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी,एससी,एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र,राज्य, स्थानीय निकाय व्दारा पारिवारिक रजिस्टर सहित अन्य शामिल है। उन्होने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग के द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार मुद्रण प्रशिक्षण के लिए 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक,घर घर गणना चरण के लिए 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को, दावे एवं आपत्तियों की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 ,नोटिस चरण के लिए 9 दिसंबर से 31 जनवरी तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया , अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़ एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अंबिकेश प्रताप सिंह सहित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित रहे ।

---

## जर्जर सड़क पर जमा पानी से मिली स्थायी राहत



हरिभूमि न्यूज राजनगर।

नगर परिषद डोला क्षेत्र में लंबे समय से नगर के नागरिकों को जर्जर सड़कों और पानी जमाव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर जाने से लोगों को न केवल आवागमन में परेशानी होती थी, बल्कि कीचड़ और गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता था। कई बार शिकायतें दर्ज होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। जिससे आमजन में नाराजगी भी देखने को मिल रही थी। लेकिन इस बार नगर परिषद डोला ने जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सराहनीय पहल की है। पानी निकासी की समस्या को स्थायी रूप से हल करने के लिए नगर परिषद ने सड़क के नीचे से पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया। ताकि सड़क पर जमा पानी नाली तक पहुंच सके और दोबारा सड़क पर न रुके। इस योजना के अंतर्गत पहले उन स्थानों पर गिट्टी डालकर समतलीकरण किया गया। जहां बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। इसके बाद जहां पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं था। वहां सीमेंट पाइप लगाकर पानी के बहाव का नया मार्ग बनाया गया। एसईसीएल क्षेत्र की सड़क, जो पहले ही मरम्मत के बाद कुछ ही दिनों में गड्ढों में तब्दील हो गई थी। अब इस सुधार कार्य के बाद पहले से कहीं अधिक मजबूत और उपयोगी हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली है, क्यों कि अब सड़क पर कीचड़ और पानी का जमाव नहीं रहेगा। वहीं, आसपास के घरों में पानी घुसने की समस्या से भी लोगों को छुटकारा मिलेगा। नगर परिषद डोला के इस कार्य में अध्यक्ष पति सुरेश रेनू कोल, उपाध्यक्ष रवि शंकर तिवारी, राहुल सिंह परिहार, जितेंद्र शुक्ला, बाबूलाल सिंह, इंजीनियर ओमवती तिवारी, राकेश, तथा नगर परिषद के अन्य समस्त कर्मचारी एवं स्टाफ मौजूद रहे। इन सभी के सामूहिक प्रयास से यह कार्य समय पर पूरा हुआ। जनता का कहना है, कि यह कार्य वास्तव में परिषद की जिम्मेदारी और जनता के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। लोगों ने नगर परिषद डोला के इस कदम की खुलकर सराहना की है। अब उम्मीद की जा रही है कि क्षेत्र की अन्य सड़कों पर भी इसी तरह स्थायी समाधान किए जाएंगे ताकि भविष्य में नागरिकों को इस तरह की समस्याओं से दोबारा न जूझना पड़े। नगर परिषद डोला का यह प्रयास न केवल विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि यह भी साबित करता है कि जब, जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर काम करें। तो हर समस्या का समाधान संभव है।

---

## स्वामी व्यासानंद जी महाराज के संरक्षण में होगा ध्यान एवं सत्संग शिविर




**हरिभूमि न्यूज़ अमरकंटक।** प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आगामी 12 नवंबर से 21 नवंबर तक दस दिवसीय ध्यान एवं सत्संग शिविर का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्थानीय मृत्युंजय आश्रम में आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। प्रबंधक एवं कार्यकर्ता व्यापक स्तर पर व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। यह ध्यान योग शिविर परम पूज्य संत स्वामी व्यासानंद महाराज के संरक्षण में एवं विश्व स्तरीय संतमत सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। समिति का मुख्यालय महर्षि मेंही ब्रह्मविद्यापीठ, हरिद्वार (उत्तराखंड) में स्थित है। शिविर के दौरान दस दिनों तक ध्यान, योग, भजन, प्रवचन एवं आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन होगा। देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले साधक, भक्त, अनुयायी एवं शिष्यगण इसमें भाग लेंगे। आयोजन स्थल पर प्रचार-प्रसार, आवास, भोजन एवं यातायात की समुचित व्यवस्था की जा चुकी है। पवित्र नगरी अमरकंटक का प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण ध्यान एवं साधना के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। अब यह देखना रोचक होगा कि इस दिव्य आयोजन में कितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागीदारी निभाते हैं।

---

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका सुरक्षित दस्तयाब



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में, नाबालिग गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत थाना रामनगर पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थाना रामनगर के अपराध क्रमांक 80/25 धारा 137 (2) की अपहृता कु. मासूम सिंह को आज 'दिनांक 09 नवम्बर को सुरक्षित दस्तयाब किया गया है। जांच के दौरान यह ज्ञात हुआ कि अपहृता बिना किसी को बताए मार्च 2025 में अपनी मौसेरी बहन के घर रायपुर (छत्तीसगढ़) चली गई थी। थाना प्रभारी सुमित कौशिक, उपनिरीक्षक बाबूलाल परस्ते, एएसआई विनोद नाहर तथा महिला आरक्षक सीमा तिवारी की सक्रियता से अपहृता को खोज निकाला गया।

---

## देवी स्थान में कन्या भोजन और भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

समाज सेवा से जुड़े हुए राजेंद्र विश्वकर्मा द्वारा जानकारी मिली राजकुमार साहू अपने परिवार ग्रामीण जनों के साथ देवी चौरा मरखि देवी स्थान में बड़े ही तैयारी के साथ कन्या भोजन और भंडारे का कार्यक्रम संपन्न हुआ दोपहर से चल रही तैयारी दो शाम को प्रसाद ग्रहण करते हुए दूर-दराज से आए हुए भक्त लोग देवी स्थान में गीत संगीत का कार्यक्रम भी हुआ है जानकारी



के अनुसार इस देवी स्थान में लोग मन्नते पूरी होने के बाद माता जी को जो सामान या फिर सतनारायण की पूजा कथा मांग किए रहते हैं उसको पूरा करने के लिए इस स्थान पर जाकर बड़ी श्रद्धा पूर्वक पूरा करते हैं और देवी स्थान में बहुत दूर से भी भक्त लोग दर्शन के लिए आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में सम्मिलित और सहयोगी राजकुमार साहू, बेसाहू, रोहित, हरि साहू, दादू, चंद्रवती साहू, रौनक साहू, पप्पू, अजय साहू, मोनू साहू का सहयोग सराहनीय रहा।

खबर संक्षेप



### जेब में रखने के दौरान गिरे रूपये को पुलिस ने कराया वापस

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** खरीदी करने के दौरान 10 हजार रुपए गिरने और सीसीटीवी में पाने वाली महिला की पहचान होने के बाद रुपए वापस ना करने को लेकर विवाद बढ़ते हुए थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। थाना अंतर्गत शिवकुमार प्रजापति सचिव का बाजार में खरीदी करने के दौरान 10 हजार रुपए गिरने और सीसीटीवी में पाने वाली महिला की पहचान होने के बाद रुपए वापस ना करने को लेकर विवाद बढ़ते हुए थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। बताया जाता है कि 6 नवंबर की सुबह आजाद चौक के पास स्थित एक दुकान के सामने पेंट के अंदर जेब में दस हजार रुपये रखने के दौरान सड़क पर गिर गया। शुक्रवार एवं शनिवार को रुपए तलाशने और आस पास के सीसीटीवी फुटेज चेक करवाने के दौरान एक महिला आकर उस पैसे को उठाकर ले जाते हुए दिखाई दी। शिवकुमार द्वारा महिला के घर जाकर पैसे मांगने पर साफ मना कर दिया एवं तरह तरह के बहानेबाजी करने लगी। जिसके बाद परेशान फरियादी द्वारा थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला को पूरी आपबीती बताई। थाना प्रभारी के निर्देशन में एएसआई कमलेश सिंह के द्वारा महिला से रुपया वापस दिलाया गया। रुपए मिलने पर फरियादी के चेहरे पर मुस्कान खिल उठा साथ ही पुलिस को धन्यवाद दिया।

### जुआ खेलते 9 गिरफ्तार, 7 हजार रूपए नकदी जब्त

**कटनी।** रीठी एवं स्लीमनाबाद पुलिस ने अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों के पास से नकदी रूपये भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर रीठी पुलिस ने ग्राम देवरीकला खेर माई मंदिर प्राँगण के पास जुआ खेल रहे प्रकाश पटेल 26 साल निवासी रीठी 2. अजय पटेल 38 साल निवासी मढिया 3. अप्पू विश्वकर्मा 40 साल निवासी ग्राम देवरीकला का को पकड़ा। जुआरियों के पास से 2750/- रुपये एवं ताश के 52 पत्ते जब्त किये गए हैं। इसी तरह समीप ही जुआ खेल रहे लल्ला उर्फ सुनील राय 40 साल निवासी ग्राम देवरीकला 2. राजेश राय 42 साल निवासी ग्राम मढिया को पकड़ा गया। दोनो के पास से नगदी 2230/- रुपये एवं ताश के 52 पत्ते जब्त किये गए। इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम बडखेरा पीर बाबा वाली खनती के समीप जुआ खेल रहे राकेश लोधी 24 साल नि पडरभटा 2. अजय बेन 19 साल नि बडखेरा 3 . आशाराम चौधरी 33 साल नि बडखेरा 4 . चंद्रभान पटेल 32 साल नि पडरभटा को गिरफ्तार किया। सभी के कब्ज से नगदी 2100 रुपये व 52 ताश पत्ते जब्त किये गये।

### योजनाओं का पीएचई के अधिकारियों के साथ करें संयुक्त निरीक्षण

**कटनी।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं का समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए जलापूर्ति योजनाएं तकनीकी मानकों का पालन करते हुए पूर्ण होने की दशा में एक सप्ताह में ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित (हैंडओवर) किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों के संबंध में आपस में चर्चा कर समन्वय स्थापित करते हुए अपूर्ण परियोजनाओं को तय समय सीमा में नियमों का पालन करते हुए गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं एवं तत्पश्चात निर्धारित समय सीमा में ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित (हैंडओवर) कराए जाने की कार्रवाई करें।

## पाली में 15 नवम्बर से प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में मिलेगी सस्ती दवाइयाँ

# राज्यपाल के वर्चुअल उद्घाटन से होगा शुभारम्भ









प्रधानमंत्री की अति महत्वाकांक्षी जन कल्याण योजना प्रधानमंत्री जन औषधि के तहत हर एक को राहत भरे दाम में उपलब्ध कराने की योजना अब पाली में भी साकार होगी । विदित होवे की इस योजना के तहत प्रदेश के 20 आदिवासी विकास खंडो में आगामी 15 नवम्बर से शुरू करने की तैयारी की जा रही है जिसमें उमरिया जिले का पाली भी शामिल हैं।

बिरसिंहपुर पाली

उल्लेखनीय है की प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की शुरुआत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर होगा। मालूम होवे की प्रदेश भर में जन औषधि केन्दो का शुभारंभ महा महिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल के व्दारा आगामी 15 नवंबर को वर्चुअल कार्यक्रम के व्दारा शुभारंभ किया जायेगा। पाली में यह कार्यक्रम की जिम्मेदारी भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी उमरिया के सहयोग से आयोजित किया जाना है जिसकी जोर शोर से तैयारिया की जा रही है। यह जन औषधि केन्द्र रामलीला मैदान के सामने स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संचालित किया जायेगा, जिसके लिए पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सी बी एम ओ से चर्चा कर स्थल चयन का काम किया गया है। रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस बाबत पाली नगर के रेस्टहाउस में एक औपचारिक बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी उमरिया के चेयरमैन अखिलेश त्रिपाठी, जिला सचिव राकेश शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य योगेश द्विवेदी, सदस्य मान सिंह, डॉ. ब्रजेश शर्मा, अनुराग तिवारी, के साथ पाली नगर के गणमान्य नागरिक प्रकाश पालीवाल , केमिस्ट संघ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, बहादुर सिंह, सुदामा विश्वकर्मा एवं तथा पत्रकारों ने भी बैठक में भाग लिया। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का मूल उद्देश्य आम जनता को सस्ती एवं गुणवत्ता युक्त दवाएँ उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को सस्ते दरो में प्राण रक्षक औषधिया उपलब्ध हो सकें।

## सिंघाड़ा तोड़कर लौटे युवक की अचानक मौत



हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।

सुपेली (कटनी) निवासी अनंत बर्मन (उम्र 35 वर्ष) का कल 8 नवंबर की शाम लगभग 5 बजे बदरा जमुना तिराहा में अचानक निधन हो गया जानकारी के अनुसार अनंत बर्मन अपने साथियों के साथ बदरा तालाब में सिंघाड़ा की खेती एवं तोड़ाई का कार्य करता था। बताया गया कि सुबह से ही वह सिंघाड़ा तोड़कर लाया और उसे मालिक के पास कोतमा ले जाकर सौंपकर वापस बदरा आ गया घर लौटते समय अचानक उसके सीने में दर्द हुआ, जिसके बाद साथियों ने पहले उसे डॉक्टर बंगाली टैक्सी स्टैंड कोतमा के पास उपचार हेतु पहुँचाया, लेकिन उन्होंने सीने के दर्द का उपचार न होने की बात कही। इसके पश्चात उसे गांधी चौक मार्ग स्थित अंसारी डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहाँ इंजेक्शन और दवाइयाँ दी गईं। दवाइयाँ लेकर अनंत अपने निवास बदरा पहुँचा और आराम करने के लिए लेटते ही बेहोश हो गया, जिसके बाद उसकी सांस बंद हो गई साथियों ने तत्काल उसे कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है परिजनों व ग्रामीणों ने माना कि उसकी मृत्यु सीने में दर्द के अचानक बढ़ने से हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के सटीक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया

बुढ़ार।




विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ सिविल न्यायालय, बुढ़ार से बाईक रैली निकाल कर विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल श्री काशीनाथ सिंह के निर्देशानुसार, विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर सिविल न्यायालय, बुढ़ार से बाईक रैली नगर विभिन्न मुख्य मार्गों में निकाली गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति, बुढ़ार श्री सुशील कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किये। बाईक रैली सिविल न्यायालय बुढ़ार से प्रारंभ होकर कॉलेज तिराहा होते हुए बस स्टैंड बुढ़ार से वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। रैली के दौरान आम जनों को - कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, नशा मुक्ति, पौधारोपण एवं अन्य सामाजिक-वैधानिक विषयों पर जागरूकता के पुनीत उद्देश्य से निकाली गयी। कार्यक्रम अवसर पर न्यायिक अधिकारी श्रीमती आकांक्षा तेकाम, श्री ऋषव दीक्षित, श्री लक्ष्मण रोहित सहित सिविल न्यायालय बुढ़ार के समस्त कर्मचारीगण तथा विधिक सेवा समिति बुढ़ार के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया। साथ ही पुलिस विभाग, आरक्षी केंद्र बुढ़ार का आयोजन में सहयोग सराहनीय रहा।

### खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने सांसद खेल महोत्सव प्रशंसनीयः विधायक जयसिंह मरावी

## स्वस्थ्य मन बुद्धि व एकाग्रता से खिलाड़ी खेल प्रदर्शित करें: अमिता चपरा








### सांसद खेल महोत्सव का स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुढ़ार में हुआ शुभारंभ

बुढ़ार।

**स्वर्गीय-कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुढ़ार में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ रविवार को किया गया, जिसमें मंडल क्षेत्र बुढ़ार, बकहो, धनपुरी तथा खैरहा के प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शित किये। फिट युवा फार विकसित भारत के पुनीत उद्देश्य से खेल खिलाड़ियों को समर्पित क्रीडा भारती के सहभागिता से सांसद खेल महोत्सव 2025 जो संसदीय क्षेत्र के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र बुढार के साथ-साथ सुदूर स्थानों पर यह पांच दिवसीय खेल स्पर्धा आयोजित की जा रही है का विधिवत शुभारंभ बुढार में किया गया।**

सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्यातिथ तथा जिलाभाजपा अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की अध्यक्षता व अखिल भारती मातृशक्ति प्रमुख एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी श्रीमती रानी सिंह, क्रीड़ा भारती संभागीय प्रमुख मदन त्रिपाठी, धनपुरी नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छावड़ा, शहडोल नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष प्रकाश जगवानी, बुढ़ार नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, बकहो नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट, उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह, जिलाभाजपा उपाध्यक्ष दौलत मनवानी, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री दीपक शर्मा, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, जिलामंत्री रविंद्र वर्मा, श्रीकृष्ण गुप्ता, पूर्व न.पा. अध्यक्ष कैलाश विश्नानी, पूर्व उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी, पत्रकार मोहन नामदेव, विपुल सिंह, अजय शर्मा, धर्मेंद्र दुबे, संभागीय खेल अधिकारी सुदर्शन मिश्रा, जिला खेल अधिकारी रामरुद्ध पटेल, क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के मुख्यातिथ जयसिंह मरावी ने कहाकि - खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने सांसद खेल महोत्सव का आयोजन निश्चित ही प्रशंसनीय है, और युवा खिलाड़ी खेल का ऐसा प्रदर्शन करें जिससे माता-पिता का नाम भी रोशन हो तथा खेल के लक्ष्यो को लेकर खिलाड़ी आगे बढ़े।

मुख्यातिथ विधायक श्री मरावी ने कहाकि - अंतर्राष्ट्रीय खेलों में बेटियां भी उत्कृष्ट खेल प्रदर्शित कर अपना नाम रोशन कर रही है, जिस दिशा में केंद्र व राज्य सरकार खेल को भरपूर प्रोत्साहित कर रही है।

क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री एवं सांसद खेल कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश त्रिपाठी ने मुख्यातिथ अध्यक्ष व अतिथियों का स्वागत करते हुये कहाकि - खेल महोत्सव हेतु 50 टीमों का पंजीयन किया गया है और 5 दिवसीय खेल विभिन्न स्थानों पर आयोजित कर खिलाड़ियों को खेल में भरपूर अवसर अर्जित कराया जायेगा।

जिलाभाजपा अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुये कहाकि - स्वस्थ्य मन बुद्धि व एकाग्रता से खिलाड़ी खेल प्रदर्शित करें, खेल में प्रतिस्पर्धा होती है और यह स्पर्धा सफलता की ऊंचाइयां भी हासिल कराती हैं। श्रीमती चपरा ने कहाकि - भारत की पवित्र भूमि में खेल के क्षेत्र में प्रतिभायें हैं, जो देश व प्रदेश का नाम शिक्षा व खेल के क्षेत्र में रोशन कर रही है। खेलमहोत्सव के शुभारंभ अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने योग का अद्भुत प्रदर्शन किया जिन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया था ऐसे छात्रों को स्मृति चिन्ह वह नगद पुरस्कार देकर उत्साह वर्धित किया गया। इस अवसर पर क्रीडा ज्ञान परीक्षा महाकौशल प्रांत में द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले श्रेयांस सिंह को नगद व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बुढ़ार में आगामी दिसंबर माह में विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन के संघर्ष घोषणा का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कबड्डी, रस्साकसी, खो-खो, 100, 200, 400, मीटर दौड़ प्रतियोगिता, तथा योग के प्रदर्शन में प्रतिभागी छात्र-छात्रायें सम्मिलित हुये और शानदार खेल प्रदर्शित किये जिसमें क्रीडा भारती के उत्साहियों की भरपूर सहभागिता रही। कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र त्रिपाठी ने किया और उन्होंने बताया कि - सांसद श्रीमती हिमान्द्री सिंह दिल्ली प्रवास पर होने के कारण कार्यक्रम में आज नहीं पहुंच सकी, उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामना संदेश संप्रेषित किया है। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सविता सिंह भदौरिया, शाहिद खान (चीनी), रामनिवास कुशवाहा, नीरज शुक्ला, विभाग सहसंयोजक - नागेंद्र दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद पारस, जिलायुवा प्रमुख कामता शर्मा, विश्वनाथ त्रिपाठी, मीला मार्को, आशीष द्विवेदी, आशुतोष तिवारी, सुश्री किरण श्रीवास, प्रशांत नगरिया, सीमा सिंह, रघुनंदन सिंह, रमाकांत मिश्रा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## अपहृता बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज जैतहरी।

11.05.25 को फरियादी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग पुत्री 10.05.25 को बिना बताये घर से कही चली गई है शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिक लडकी को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना जैतहरी में अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर अपहृता बालिका की पता तलाश हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। अपृहता की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष टीम का गठन कर दस्तयाबी हेतु सख्त निर्देश दिये गये थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकएवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अनूपपुर के मार्गदर्शन में जैतहरी पुलिस के द्वारा लगातार पता तलाश करते हुये 09.11.25 को अपहृता बालिका को विधिवत दस्तयाब कर अपृहता बालिका को उसके परिजनो को विधिवत सुपुर्द किया।

### किड्स केयर में आज मनाया जाएगा वार्षिकोत्सव समारोह

**कटनी।** तिलक कालेज रोड स्थित किड्स केयर हा. से. स्कूल अपना 31वॉं वार्षिक सांस्कृतिक समारोह " सुगंध "संस्कृति की महक का आयोजन 9 नबम्वर को स्कूल प्रगण में शाम 4 बजे से सम्पन्न होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री धनश्री जैन बी. ई. ओ. कटनी, विशिष्ट अतिथि डॉ. कास्यव एंव डॉ. ऐश्वया अपूर्वा हिन्दू जी के अगमन से प्रांरभ होगा ।

**न्यायालय- श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड बुढार जिला - शहडोल (म.प्र.)**

**नोटिस**

दावा क्रमांक - 169ए / 24
प्रोसेस क्रमांक 307/25
ता. पेशी - 8/12/2025

रघुनंदन सिंह आयु 45 साल पिता स्व. मानधाता सिंह साकिन- ग्राम खैरहा थाना खैरहा तहसील बुढार जिला शहडोल म.प्र. ................वादी बनाम
म.प्र. शासन जरिये कलेक्टर शहडोल जिला शहडोल म.प्र................प्रतिवादी

यह कि वादी रघुनंदन सिंह आयु 45 साल पिता स्व. मानधाता सिंह साकिन- ग्राम खैरहा थाना खैरहा तहसील बुढार जिला शहडोल म.प्र. ने ग्राम खैरहा, पटवारी हल्का खैरहा नंबर 34, रा.नि.मं. खैरहा तहसील बुढार जिला शहडोल म.प्र. स्थित आराजी खसरा क्रमांक 998 / 1134 पुराना नंबर 948 रकवा 25.90 एकड को मृतक ब्रजभूषण सिंह के व्दारा निष्पादित बसीयत के आधार पर अपने स्वत्व की घोषित करा पाने हेतु दावा पेश किया है, जिसकी सुनवाई इस न्यायालय मे दिनांक. 08/12/025 को प्रात: 11 बजे होगी।

अत: सूचित किया जाता है कि उक्त आराजी को वादी के पक्ष मे स्वतव घोषित किए करने मे किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय मे दिनांक 08/12/2025 को प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश करे, उक्त दिनांक तक आपत्ति पेश न होने पर वाद की सुनवाई की जाकर आदेश पारित किया जावेगा । उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने पर दावा की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी

आज दिनांक 06-11-25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया !
दिनांक-

(ऋषव दीक्षित)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बुढार
जिला-शहडोल ( म.प्र.)

## विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत मैराथन दौड़ संपन्न





उमरिया।

सर्वोच्च न्यायालय एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देषानुसार ''न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह'' अंतर्गत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष प्रियदर्शन शर्मा के मार्गदर्शन में एवं दीपक कुमार अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के प्रभार में मैराथन दौड़ का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया, (म0प्र0) में किया गया।

मैराथन दौड़ न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर, रणविजय चौक, पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाउस, शासकीय जिला चिकित्सालय के सामने से सगरा मंदिर रोड, रेल्वे स्टेशन रोड, जय स्तंभ चौक, गांधी चौक से होते हुए न्यायालय परिसर में समाप्त हुई, जिसमें कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स ने सहभागिता ली। उक्त मैराथन दौड़ में प्रत्येक प्रतिभागी को टी-शर्ट एवं कैप का वितरण किया गया, दौड़ में प्रथम स्थान पर दीपांशु पाण्डेय, सहायक ग्रेड-03, मनेश कुमार यादव, पी.एल.व्ही. एवं तृतीय स्थान पर कौशल बैगा, कार्यालय भृत्य ने स्थान प्राप्त किया। मैराथन दौड़ उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया प्रियदर्शन शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने तीनों विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया । कार्यक्रम में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश नजमा बेगम, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश अहमद रजा, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश रामसहारे राज, दीपक कुमार अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, वीणा खलखो, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, मोहन डावर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आशीष धुर्वे, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, सरफराज खान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, पल्लवी सिंह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड,जेल अधीक्षक देवेन्द्र सारस, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, एन.जी.ओ. सदस्यगण काव्या सिंह राठौर, प्रीति बर्मन, गायत्री वर्मा, प्रियंका प्रजापति, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स आदि उपस्थित रहे।

### अमरकंटक में 7 डिग्री तक पहुँचा रात का तापमान, अलाव तापते दिखे लोग, गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

# बर्फीली हवाएं बढ़ा रही अनूपपुर की ठिठुरन, दस्तक देते ही ठिठुराने लगी ठंड

**पिछले 30 सालों में सबसे ठंडा साबित हो सकता है यह नवंबर**

पिछले महीने से दबे पांव दस्तक देने के बाद अब ठण्ड प्रचंड रूप धारण करने वाली है। बर्फीली हवाएं जिले में लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर रही हैं। रात का तापमान लगातार कम हो रहा है। यहां तापमान घटकर 7 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी इलाकों से आ रही सर्दीली हवाएं जिले में सर्दी बढ़ा रही हैं।





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार "कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अच्छी बर्फबारी हो रही है, इस वजह से पहाड़ी क्षेत्रों से ठंडी हवाएं मध्य प्रदेश में भी आ रही है और यही हवाएं प्रदेश सहित जिले में लगातार ठंडक बढ़ा रही हैं। प्रदेश में सर्दी का यह शुरूआती दौर है। आने वाले समय में रात के साथ दिन का तापमान भी गिरेगा। पवित्र नगरी अमरकंटक सहित पूरे जिले में इन दिनों ठंड ने पूरी तरह दस्तक दे दी है। दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। नर्मदा उद्गम क्षेत्र, पहाड़ी इलाकों और आसपास के वन क्षेत्रों में सुबह-शाम की ठिठुरन अब स्पष्ट महसूस होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में अमरकंटक का अधिकतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। पहाड़ी हवाओं के कारण खुले क्षेत्रों में तापमान इससे भी कम महसूस हो रहा है। ठंड बढ़ने के साथ ही स्थानीय नागरिकों ने गर्म कपड़ों और रजाइयों का उपयोग शुरू कर दिया है। वहीं, बिना तैयारी के बाहर से आए पर्यटक, तीर्थयात्री, दर्शनार्थी और श्रद्धालु गण अब ठंड से बचने के लिए स्थानीय कपड़ा दुकानों में साल, स्वेटर, मफलर, टोपी और इनर आदि की खरीदारी करते देखे जा रहे हैं।

**ठंड की चपेट मे अमरकंटक**

दुकानदारों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में गर्म कपड़ों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है वही अमरकंटक के प्रमुख मार्गों, मंदिर परिसर, बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में लोग शाम के समय अलाव तापते नजर आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि बिना रजाई के रात बिताना कठिन हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद अमरकंटक से आग्रह किया है कि बढ़ती सर्दी को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर जरूरतमंदों के लिए अलाव की व्यवस्था तत्काल की जाए, जिससे खुले में ठिठुर रहे लोगों को राहत मिल सके। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले सप्ताहों में तापमान में और गिरावट होगी तथा ठंड का असर और तेज़ी से बढ़ेगा।

**दिसंबर में और गिरेगा पारा**

मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में बर्फबारी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते बर्फीली हवाएं लगातार मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रही हैं। यदि यही स्थिति बनी रही, तो यह नवंबर पिछले 30 सालों में सबसे ठंडा साबित हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह अभी शुरुआती ठंड है। दिसंबर तक तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। लोगों को अब सुबह-शाम ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी जा रही है।

**गर्म कपड़ों से गुलजार हुआ बाजार**

जिले के बाजार नए फैशन के गर्म कपड़ों से भर गए हैं। दुकानों में स्वेटर, जैकेट और शॉल की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। इस साल ट्रेंडी कपड़ों की मांग ज्यादा है और दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नवीनतम डिजाइन पेश किए हैं। कीमतें भी अलग-अलग हैं, जिससे हर बजट के लोग खरीदारी कर सकते हैं। फुटपाथ दुकानों से लेकर बड़ी दुकानों तक ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। कपड़ा व्यापारी राम सुरेश ने बताया कि इस वर्ष ठंड अधिक अनुमानित की गई है। इसके कारण कपड़ों का बाजार बेहतर रहने का अनुमान है। पिछले साल की तुलना में इस बार ग्राहकों की संख्या जल्दी बढ़ रही है। नवंबर के मध्य तक भीड़ और बढ़ेगी। बाजारों में युवा वर्ग के लिए स्टाइलिश हूडी, ट्रेंडी जैकेट्स, कोट और थर्मल वियर, वहीं महिलाओं के लिए शाल, कार्डिगन और ऊनी स्टोल की मांग बढ़ी है। दुकानदारों के मुताबिक, इस बार ग्राहक फैशन और आराम दोनों को ध्यान में रखकर कपड़े चुन रहे हैं।

**व्यापारियों को बिक्री में उछाल की उम्मीद**

गुलाबी ठंड के बीच लोग खरीदारी को लेकर उत्साहित हैं। किफायती रेंज से लेकर महंगे ब्रांड तक हर वर्ग के ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध हैं। खरीदारी करने आई शालिनी मिश्रा ने बताया कि रात में ठंड बढ़ने लगी है, बच्चों के लिए स्वेटर और मोजे लेने आई हूं। दाम भी पहले की तुलना में थोड़े बढ़े हैं, लेकिन क्वालिटी अच्छी है। ठंड की शुरुआती बढ़त से व्यापारी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि कुछ दिनों बाद कड़ाके की ठंड बढ़ते ही बिक्री अपने चरम पर पहुंच जाएगी और इस बार पिछली बार की अपेक्षा ज्यादा बिक्री होगी।

## चार दिनों से दहशत फैला रहा हाथी, रतजगा को मजबूर चिंतित



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

चार दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से अनूपपुर जिले में प्रवेश किया एक हाथी जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट अंतर्गत जंगल में डेरा जमाया हुआ है जो रात होते ही जंगल से निकल कर चोई एवं कुकुरगोड़ा गांव के टोला, मोहल्ला में किसानों के खेतों में लगे धान की फसल मे पहुंचकर फसल को खा कर नुकसान कर रहा है विगत रात हाथी द्वारा एक घर में तोड़फोड़ कर खेत में लगे बोर मशीन एवं पाइपों को तोड़फोड़ कर नुकसान किया। हाथी के विचरण पर वनविभाग का मैदानी अमला हाथी की निगरानी के साथ आम जनो की सुरक्षा कर रहा है। 5 नवंबर की रात एक दांत वाला नर हाथी छत्तीसगढ़ राज्य के वन परिक्षेत्र एवं वन मंडल मरवाही अंतर्गत सिवनी बीट के जंगल से मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र की सीमा में पहुंचकर विगत चार दिनों से धनगवां बीट के जंगल जो ग्राम पंचायत क्योटार, पड़रिया एवं कुकुरगोंड़ा के कुसुमहाई, चोई के भलुवानघर टोला एवं सारिस्थाल स्थान पर साम, रात होते ही जंगल से निकलकर खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों के खेतों में लगी धान की फसल जिसमें महगू सिंह, महालाल सिंह पिता हीरासिंह गोंड़, इलाबाई पति अर्जुन सिंह सहित अनेको ग्रामीण के खेतों में लगी धान की फसल को खाकर नुकसान किया वही चोई गांव के भलुवान घर टोला घर निवासी छग्गू सिंह पिता भागीरथी सिंह के ईट वाले घर की दीवाल को तोड़कर घर के अंदर रखें सामग्रियों को खाते हुए खेत में लगे सिंचाई वाले बोर पम्प की मशीन एवं पाइपों के साथ अन्य सामग्रियों को नुकसान पहुंचाया है,। शनिवार एवं रविवार की मध्यरात्रि इस हाथी का कहीं पता नहीं चला लेकिन रविवार की सुबह चौथे दिन फिर से धनगवां बीट के जंगल में ठहरने की जानकारी मिली है। एक हाथी के चार दिनों से निरंतर विचरण के कारण प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण रात रात भर जगा कर रात बिता रहे हैं ग्रामीण जन अपनी फसल एवं संपत्तियों के नुकसान के कारण परेशान है वहीं वनविभाग के मैदानी कर्मचारी इस हाथी के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए आम जनों को सुरक्षित रहने हेतु अपील करते हुए सुरक्षित रहने की बात ग्रामीणों से कह रहे हैं। हाथी द्वारा फसल एवं अन्य तरह की सामग्रियों का नुकसान किए जाने पर राजस्व एवं वनविभाग के कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण कर राहत प्रकरण तैयार किया जा रहा है, ग्रामीणो एवं जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा एक बार फिर से अनूपपुर जिले में हाथी के विचरण पर चिंता व्यक्त करते हुए हाथी को जिले से बाहर किए जाने की मांग जिला प्रशासन एवं वनविभाग से की है।

# विधिक सेवा सप्ताह का मैराथन दौड़ के साथ किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार जिला अनूपपुर में 9 से 14 नवम्बर तक ''न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह'' मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी तथा जनसामान्य तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना है। उक्त कार्यक्रम के तहत 09.11.2025 को ''न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह'' का शुभारंभ मैराथन दौड़ के साथ किया गया इस अवसर पर समस्त न्यायालयीन अधिकारी/कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालैंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण, तुलसी महाविद्यालय एवं संस्कार लॉ कॉलेज के छात्र छात्राऐं, उत्कृष्ठ एवं केन्द्रीय विद्यालय के छात्र छात्राऐं एनजीओ एवं स्वयंसेवी संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। इस मैराथन दौड़ को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया जो जिला न्यायालय परिसर से शुरू होकर तहसील, इंदिरा चौक, शंकर मंदिर होते हुये वापिस जिला न्यायालय परिसर में समाप्त हुयी। उक्त कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल, श्रीकृष्ण डागलिया, श्रीमती चैनवती ताराम मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सुश्री सुधा पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट, बॉबी सोनकर न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट, बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी, संतोष सिंह परिहार अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ अनूपपुर सहित अधिवक्तागण न्यायालय के कर्मचारीगण, डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण सहित स्कूल कॉलेज के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## पहलगाम हमले के दौरान टूरिस्टों की जान बचाने वाले नजाकत अली का हुआ स्वागत व सम्मान



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम बेसरान घाटी में हुए आतंकी हमले के दौरान चिरमिरी छत्तीसगढ़ के 11 टूरिस्टो की जान बचाने वाले नजाकत अली का शुक्रवार को कोतमा नगर आगमन पर स्वागत और सम्मान किया गया। नजाकत अली से मिलने और फोटो खिंचाने के लिए लोगों की भारी भीड़ भी उमड़ पड़ी। कश्मीर से कोतमा बुलाने वाले चूड़ी व्यापारी मंसूर अहमद ने बताया कि दिल्ली से कोतमा लौटने के दौरान नजाकत अहमद शाह के पिता से बातचीत के दौरान परिचय हुआ और पूरी जानकारी लगी। जिसके बाद चिरमिरी आने पर कोतमा भी आने का न्यौता दिया गया। स्वागत के दौरान नपा अध्यक्ष अजय सराफ, आबदीन, अजय ताम्रकार, अरुण त्रिपाठी, दीपेश जैन, मनोज मिश्रा, आरफीन, मनीष अग्रवाल सहित स्कूली छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं रही। आतंकी घटना को याद करते हुए दहशत के मंजर के बारे में याद करते हुए बताया कि खुशनुमा माहौल में सभी लोग रील बनाने के साथ परिवार सहित एंजॉय कर रहे थे। अचानक गोलियों की आवाज से घाटी गूंज उठी। 2 बच्चों सहित 11 लोगों को साथ लेकर नीचे बैठ गए और घाटी से नीचे होटल पहुंचाकर जान बचाई। आतंकी घटना के दौरान नज़ाकत के ममेरे भाई को भी मार डाला गया था। नजाकत अहमद शाह ने बताया उनका परिवार पिछले कई वर्षों से गर्म कपड़े बेचने आता रहा है। जिससे चिरमिरी भी दूसरा घर जैसा लगता है। आतिशबाजी और स्वागत से नजाकत भी खुश नजर आए।

## जिले में नवागत डीपीसी का हुआ स्वागत



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना "टीबी मुक्त भारत" को पूर्ण करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण भारत मे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक संचालित है। जिला क्षय केंद्र अनूपपुर में डीपीसी का कार्य अब तक प्रभार के भरोसे चल रहा था, लेकिन इंदौर से बिलॉन्ग कर रही श्रीमती सिम्मी वानखेड़े का अनूपपुर जिले की नई डीपीसी के रूप में नियुक्ति की गई हैं। पदभार ग्रहण करते बैठक के दौरान सभी टीबी स्टॉफ से नाम, पद, व परिचय के साथ रूबरू हुए। जिला क्षय अधिकारी डॉ एस सी रॉय के नेतृत्व सभी स्टॉफ एक जुट होकर एक टीम की तरह जिले में टीबी उन्मूलन के लिए कार्य कर रहे है। जो प्रतिदिन अपनी सफलता की ओर अग्रसर है। निश्चित रूप से उनके आने से कार्यक्रम को एक नई गति मिलेगी। अनूपपुर सीएमएचओ डॉ आरके वर्मा, जिला टीबी ऑफिसर, कोतमा सीबीएमओ डॉ के एल दीवान, पूर्व डीपीसी राजेश पटेल, प्रियंका सिंह, देवेंद्र जायसवाल, सोहराब अंसारी, शिवकुमार नामदेव, ज्योति गुप्ता, ओम प्रताप सिंह, रमेश प्रजापति व अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उनको बधाई व शुभकामनाओ के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**नगर परिषद ने प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाए सीसीटीवी कैमरे**

# राजनगर में बढ़ी सुरक्षा, तीसरी आंख से होगी निगरानी

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में नगर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने का प्रण था। असामाजिक तत्वो तथा अपराधों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से नगर परिषद बनगवां (राजनगर) द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) अध्यक्ष यशवंत सिंह के नेतृत्व में नगर के प्रमुख स्थल बस स्टैंड राजनगर, सब एरिया बंगला चौराहा, काली मंदिर न्यू राजनगर थाना के पास चौक-चौराहों, भगत सिंह चौक, के मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस कदम से नगर में सुरक्षा का माहौल और बेहतर हुआ है तथा नागरिकों में विश्वास की भावना जगी है। अध्यक्ष यशवंत सिंह ने बताया, कि हाल के दिनों में नगर में चोरी और असामाजिक गतिविधियों की घटनाएं सामने आ रही थीं। इन्हीं को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने यह निर्णय लिया, कि अब पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे से निगरानी में लाया जाएगा। उन्होंने कहा, "राजनगर को एक सुरक्षित और स्मार्ट नगर बनाना हमारी प्राथमिकता है। सीसीटीवी कैमरे इस दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर परिषद बनगवां (राजनगर) ने रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राममिलन तिवारी के साथ संयुक्त बैठक की गयी। बैठक में यह तय किया गया, कि जिन क्षेत्रों में असामाजिक गतिविधियां अधिक होती हैं, या जहां भीड़भाड़ रहती है, वहाँ कैमरे प्राथमिकता से लगाए जाएं। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया, कि कैमरों के लगने से पुलिस की जांच प्रक्रिया आसान होगी। "अब किसी भी घटना के तुरंत बाद फुटेज देखकर अपराधियों की पहचान की जा सकेगी। यह न केवल अपराध नियंत्रण में मदद करेगा। बल्कि जनता में भी सुरक्षा की भावना को बढ़ाएगा," उन्होंने कहा, नगर परिषद के पहले चरण में बस स्टैंड चौक, थाना रोड, वार्ड नंबर 5 सब एरिया ऑफिस के सामने, बाजार क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे नगर परिषद के नियंत्रण कक्ष से सीधे जुड़े हैं, जहां चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। नगर परिषद अधिकारी राममिलन तिवारी ने कहा, कि यह पहल केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक आयोजनों और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायक होगी। उन्होंने बताया, कि कई बार त्यौहारों या जुलूसों के दौरान ट्रैफिक और भीड़ की स्थिति पर नज़र रखना कठिन होता है, लेकिन अब कैमरों के जरिए समय पर कार्यवाही की जा सकेगी। नगरवासियों ने भी इस पहल की सराहना की है। स्थानीय निवासी सतीश द्विवेदी ने कहा, "कैमरे लगने से लोग सावधान हो गए हैं। पहले रात में कई जगह चोरी की घटनाएं होती थीं, अब उनमें कमी आई है।" व्यापारी जायसवाल इलेक्ट्रिकल्स एवं इलेक्ट्रॉनिक बस स्टैंड राजनगर के संचालक आनंद जायसवाल ने कहा, "व्यापारियों को भी अब अधिक सुरक्षा महसूस हो रही है। दुकान और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है।" नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने कहा कि आने वाले समय में सीसीटीवी प्रणाली को स्मार्ट सर्वर सिस्टम से जोड़ा जाएगा, जिससे पुलिस मुख्यालय को भी फुटेज की सीधी पहुंच मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पहल सिर्फ तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का भी प्रतीक है। जब नगर सुरक्षित होगा, तभी विकास संभव है।" नगर में बढ़ती सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए नागरिकों ने इसे "सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम" बताया है। राजनगर अब सुरक्षित, अनुशासित और आधुनिक नगर बनने की दिशा में अग्रसर है।



# आत्महत्या को उत्प्रेरित करने वाले फरार दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।



05.12.2024 को मृतिका नेहा केवट पति बलराम केवट उम्र 30 वर्ष निवासी डबल स्टोरी भालूमाडा की अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी जिसकी सूचना मिलने पर थाना भालूमाडा पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका के शव को फांसी से उतरवाकर पंचनामा कार्यवाही किया गया था। पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतिका नेहा केवट के द्वारा लिखी गई सुसाईड नोट बरामद हुआ था सुसाईड नोट को जप्त कर पुलिस के द्वारा जांच कराई गई एवं मृतिका के परिजनों साक्षीगणों के कथन लिये गये। मृतिका के परिजनों एवं साक्षीगणों के द्वारा बताया गया कि मृतिका के पति बलराम केवट का कंचन चौधरी नाम की लड़की से अवैध संबंध होने से मृतिका अपने पति एवं कंचन चौधरी से प्रताडित होकर उक्त दिनांक को फांसी लगाकर आत्महत्या की थी जिस पर थाना भालूमाडा में अप.क्र. 397/2025 धारा 108, 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की किया जा रहा था। प्रकरण के उक्त दोनो आरोपी बलराम केवट पिता देवीदयाल केवट उम्र 39 वर्ष डबल स्टोरी भालूमाडा एवं आरोपी की प्रमिका कंचन चौधरी पिता दुखीराम चौधरी उम्र 25 वर्ष निवासी लाईन दफाई भालूमाडा की उक्त दोनो आरोपी काफी लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ सिंह मरकाम तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में भालूमाडा पुलिस टीम द्वारा 9 नवंबर को उक्त दोनो आरोपीगणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से जेल भेजा गया।

## पहले ही प्रयास में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन, ग्राम चिचरिंगपुर का बेटा बना मिसाल

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) परीक्षा 2022 में ग्राम चिचरिंगपुर, पोस्ट दुहनिया, जिला डिंडोरी के राजेंद्र मालवे ने शानदार सफलता हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में 105वीं रैंक प्राप्त की है। उनके चयन सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफेसर) पद पर हुआ है। राजेंद्र मालवे एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता श्री देवसिंह मालवे और माता श्रीमती चंद्रवती बाई मेहनतकश किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद राजेंद्र ने कठिन परिश्रम और अटूट आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता अर्जित की।राजेंद्र मालवे अपने गांव के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने MPPSC परीक्षा पास कर इतने प्रतिष्ठित पद पर चयन प्राप्त किया है। उनके इस सफर में अनेक चुनौतियां और संघर्ष आए, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार 12 वर्षों तक अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे। अंततः उन्होंने अपनी लगन और दृढ़ निश्चय से सफलता का इतिहास रच दिया.राजेंद्र मालवे अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, मित्रों और मार्गदर्शकों को देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर विश्वास और परिश्रम साथ हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।